DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE


NAME OF NEWSPAPERS- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI FRIDAY, DECEMBER 19, 2025 --DATED--------------------

# Asita's Green Lawns Now Open For Events

## Rentals To Range From ₹40,000 To ₹3.3 Lakh

Times News Network

File photo



A maximum period of three days will be permitted for installation and dismantling activities of temporary eco-friendly tents

**New Delhi:** After Baansera, DDA has opened bookings for the green lawns of Asita Park, near ITO, for various socio-cultural events.

The daily rental charges will vary depending on the lawn booked and range from Rs 40,000-3.3 lakh.

In addition, cleaning charges will be levied at the rate of Rs 2.75 per sqm, while rental charges will include parking for 40 vehicles.

A maximum of three days will be permitted for installing and dismantling of essentially non-permanent, eco-friendly tents.

"To connect the people of Delhi to the Yamuna, DDA has decided to allow the booking of events at the lush green lawns of Asita Park. The initiative is under the guidance of lieutenant governor VK Saxena. He has been monitoring the restoration of the Yamuna floodplain... including Baansera and Asita," a DDA official said.

People can book the lawn space according to the daily rates. These include: waterbody lawn at Rs 50,000 (1,560 sqm), canna lawn at Rs 1.40 lakh (2,860 sqm), main congregation lawn at Rs 2.90 lakh (8,900 sqm), Budha Lawn at Rs 1.10 lakh (3,270 sqm), Surya Lawn at Rs 40,000 (800 sqm), café lawn at Rs 1.00 lakh (3,000 sqm), and circular lawn at Rs 3.30 lakh (13,720 sqm).

"Unlike other areas, which can be booked for a maximum of three days, the circular lawn may be provided for a maximum of five days," the official said.

DDA clarified that all bookings will be governed by environmental and regulatory safeguards. "The events will be monitored to ensure that all activities are in accordance with the guidelines of National Green Tribunal and other courts," an official said.

Spanning approximately 197 hectares near Laxmi Nagar in east Delhi, Asita is among the 10 floodplain areas revived along the Yamuna. Its total area is about 200 hectares, from the Old Railway Bridge to the ITO barrage, on the eastern bank, of which 90 hectares is with DDA and the remaining with UP's irrigation department, which is also being restored by DDA.

It as earlier an encroached upon and degraded landscape that was polluting the river. Intensive restoration work was done to create the green space.

At Baansera, the park is divided into five categories, and depending on the site or area, booking fees range from Rs 25,000 to Rs 3.5 lakh per day, in addition to security and other charges. The venues include a lawn area café terrace measuring 840 sqm, and the proposed booking rate will be Rs 25,000 per day, in addition to Rs 12,500 as a security deposit for this area.

The second category is a lawn area with floral terrace, including a rain shelter. This measures 450 sqm. The booking rate for this is Rs 15,000, in addition to a Rs 7,500 security deposit.

For booking a bigger area for any event, DDA will also take installation and dismantling charges. For example, an area called floral garden and floral terrace, measuring 2,100 sqm, can be booked at the rate of Rs 30,000, in addition to Rs 15,000 as security and Rs 5,000 per day rates for installation and dismantling of tents. A maximum of two days will be given for tented events here.

Another category is the green area table top plateau, measuring 12,000 sqm. The booking charge is Rs 2.5 lakh, in addition to Rs 50,000 parking and Rs 50,000 for registration.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-- हिन्दुस्तान

नई दिल्ली
शुक्रवार
19 दिसंबर 2025

**पर्यटन** | दिन के हिसाब से करीब 40 हजार से लेकर 3.3 लाख तक शुल्क देना होगा, इको-फ्रेंडली टेंट स्ट्रक्चर को लगाने-हटाने के लिए तीन दिन की मोहलत मिलेगी

# 'असिता' के खूबसूरत हरे-भरे लॉन अब किराए पर ले सकेंगे

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** दिल्ली विकास प्राधिकरण ने आईटीओ के पास असिता पार्क के हरे-भरे लॉन को सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बुक करने की अनुमति दे दी है। यह पहल उपराज्यपाल वीके सक्सेना के मार्गदर्शन और देखरेख में की गई है। असिता में हर दिन का किराया लॉन के हिसाब से अलग-अलग है। यह किराया 40 हजार रुपये से लेकर 3.3 लाख रुपये तक हैं। असिता में कई लॉन सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए उपलब्ध कराए जा रहे हैं। लोग इन स्थानों को हर दिन के किराए के हिसाब से बुक कर सकते हैं।

इको-फ्रेंडली टेंट स्ट्रक्चर को लगाने और हटाने की गतिविधियों के लिए तीन दिन का समय दिया जाएगा। सर्कुलर लॉन अधिकतम पांच दिनों के लिए दिया जा सकता है। इसमें सफाई शुल्क 2.75 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से लिया जाएगा। एक ही समय में एक या ज्यादा स्थाना किराए पर ली जा सकती हैं। कई स्थानों की बुकिंग के मामले में ज्यादा दरें लागू होंगी। बुकिंग में 40 गाड़ियों के लिए पार्किंग की सुविधा शामिल होगी। सभी बुकिंग पर्यावरण और रेगुलेटरी सुरक्षा उपायों के तहत होंगी। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि कोई भी गतिविधि यमुना के इकोलॉजिकल स्वरूप को बिगाड़े नहीं। यह नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और अदालतों द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार सख्ती से की जाएगी।



आईटीओ के पास असिता पार्क में भ्रमण करते पर्यटक। • इशांत चौहान

## 197 हेक्टेयर में फैला है पार्क

डीडीए द्वारा विकसित असिता प्रोजेक्ट पहले एक अतिक्रमण वाली खराब जगह थी। यह सीधे नदी को प्रदूषित कर रही थी। पूर्वी दिल्ली में लक्ष्मी नगर के पास लगभग 197 हेक्टेयर में फैला असिता, यमुना नदी और उसके बाढ़ क्षेत्र के मैदानों के इकोलॉजिकल स्वास्थ्य को बहाल करने की एक बड़ी पहल है।

## इस तरह बुकिंग करा सकते हैं

डीडीए के अधिकारियों के अनुसार लॉन की बुकिंग के लिए अभी ऑफलाइन सुविधा ही है। असिता पार्क के खुलने का समय सर्दी के वक्त सुबह साढ़े पांच बजे से रात नौ बजे तक है। इसमें प्रवेश शुल्क 50 रुपये है। यहां आईटीओ या लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन से और ऑटो-बस से आ सकते हैं।

## प्रतिदिन के हिसाब से रेट और एरिया

| | | |
|---|---|---|
| वॉटर बॉडी लॉन | 50,000 रुपये | (1,560 वर्ग मीटर) |
| कैना लॉन | 1.40 लाख रुपये | (2,860 वर्ग मीटर) |
| मेन कॉन्ग्रिगेशन लॉन | 2.90 लाख रुपये | (8,900 वर्ग मीटर) |
| बुद्धा लॉन | 1.10 लाख रुपये | (3,270 वर्ग मीटर) |
| सूर्या लॉन | 40,000 रुपये | (800 वर्ग मीटर) |
| कैफे लॉन | 1 लाख रुपये | (3,000 वर्ग मीटर) |
| सर्कुलर लॉन | 3.30 लाख रुपये | (13,720 वर्ग मीटर) |

## कर्मयोगी आवास योजना के पंजीकरण आज से

डीडीए की कर्मयोगी आवास योजना के पंजीकरण शुक्रवार से शुरू होंगे। इसकी बुकिंग प्रक्रिया 14 जनवरी से शुरू होगी। इसमें नरेला में तैयार कुल 1168 फ्लैट के लिए सरकारी कर्मचारी आवेदन कर सकेंगे। अधिक जानकारी www.dda.gov.in पर उपलब्ध है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---- दैनिक जागरण नई दिल्ली, 19 दिसंबर, 2025

# कार्यक्रमों के लिए किराये पर मिलेंगे असिता पार्क के लान

राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली: अब आप बांसेरा पार्क के बाद आइटीओ के पास स्थित असिता पार्क के हरे-भरे लान को भी सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बुक करा सकते हैं। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने इसकी अनुमति दे दी है। यह पहल एलजी वीके सक्सेना के मार्गदर्शन में की गई है। असिता में प्रत्येक दिन का किराया लान के हिसाब से अलग-अलग होगा। यह किराया 40 हजार रुपये से लेकर 3.3 लाख रुपये तक हैं।



यमुना किनारे खादर स्थित असिता ईस्ट • जागरण आर्काइव

असिता में कई लान सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इको-फ्रेंडली टेंट स्ट्रक्चर को लगाने और हटाने के लिए तीन दिन का समय दिया जाएगा। वहीं सर्कुलर लान को अधिकतम पांच दिनों के लिए दिया जा सकता है। इसमें सफाई शुल्क 2.75 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से लिया जाएगा। एक ही समय में एक या ज्यादा स्थान किराए पर लिए जा सकते हैं। कई स्थानों की बुकिंग के मामले में ज्यादा दरें लागू होंगी। बुकिंग में 40 गाड़ियों के लिए पार्किंग की सुविधा भी शामिल होगी। सभी बुकिंग पर्यावरण और रेगुलेटरी सुरक्षा उपायों के तहत होंगी। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि कोई भी गतिविधि यमुना के इकोलाजिकल स्वरूप को बिगाड़े नहीं। यह नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और अदालतों द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार सख्ती से की जाएगी।

### प्रतिदिन के हिसाब से रेट और एरिया

| | |
|---|---|
| वाटर बाडी लान | 50,000 रुपये (1560 वर्ग मीटर) |
| कैना लान | 1.40 लाख रुपये (2860 वर्ग मीटर) |
| मेन कान्ग्रिगेशन लान | 2.90 लाख रुपये (8900 वर्ग मीटर) |
| बुद्धा लान | 1.10 लाख रुपये (3270 वर्ग मीटर) |
| सूर्या लान | 40,000 रुपये (800 वर्ग मीटर) |
| कैफे लान | 1 लाख रुपये (3000 वर्ग मीटर) |
| सर्कुलर लान | 3.30 लाख रुपये (13,720 वर्ग मीटर) |

मालूम हो कि डीडीए द्वारा विकसित असिता प्रोजेक्ट पहले एक अतिक्रमण वाली खराब जगह थी, जो सीधे यमुना नदी को प्रदूषित कर रही थी। पूर्वी दिल्ली में लक्ष्मी नगर के पास लगभग 197 हेक्टेयर में फैला असिता, यमुना नदी और उसके बाढ़ क्षेत्र के मैदानों के इकोलाजिकल स्वास्थ्य को बहाल करने की एक बड़ी पहल है। डीडीए के अधिकारियों के अनुसार लान की बुकिंग के लिए अभी आफलाइन सुविधा ही है। असिता पार्क के खुलने का समय सर्दी के वक्त सुबह साढ़े पांच बजे से रात नौ बजे तक है। इसमें प्रवेश शुल्क 50 रुपये है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---- नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली। शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025 ----DATED----

**असिता पार्क मे होंगे इवेंट**

यमुना किनारे डिवेलप असिता पार्क मे भी इवेंट हो सकेंगे। ITO के पास बने इस पार्क की बुकिंग शुरू, 40 हजार से 3.3 लाख तक है एक दिन का किराया ▸▸ पेज 7

# असिता में भी कर सकेंगे इवेंट्स



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



बांसेरा के बाद अब यमुना किनारे डिवेलप किए गए असिता पार्क में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हो सकेगा। DDA ने अब ITO के पास स्थित इस पार्क में भी बुकिंग शुरू कर दी है। यहां पर लॉन के साइज के आधार पर 40 हजार से 3.3 लाख रुपये में एक दिन की बुकिंग हो सकेगी। LG वी के सक्सेना राजधानी को सोशल और कल्चरल इवेंट्स के लिए तैयार कर रहे हैं। बांसेरा में यह बुकिंग काफी पहले से शुरू हो चुकी है। पिछले दिनों बांसेरा में जश्न-ए-रेख्ता का सफल आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में लोग उमडे। इसके बाद ही अब असिता में भी इसी तरह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

*40 हजार से 3.3 लाख रुपये में रेंट पर आयोजन के लिए मिलेगी जगह*

DDA से मिली जानकारी के अनुसार असिता में बुकिंग के लिए किराया तय कर दिया है। यह किराया दैनिक आधार पर होगा। लॉन के साइज के आधार पर यह किराया 40 हजार से 3.3 लाख रुपये का होगा। प्रतिदिन के हिसाब से यह किराया लिया जाएगा। इसमें झील लॉन (1,560 स्क्वॉयर मीटर) की बुकिंग 50 हजार, कन्ना लॉन (2,860 स्क्वॉयर मीटर) की बुकिंग 1.40 लाख, मैन कांग्रीगेशन लॉन (8,900 स्क्वॉयर मीटर) का 2.90 लाख, बुध लॉन (3,270) का 1.10 लाख, सूर्या लॉन (800 स्क्वॉयर मीटर) का 40 हजार, कैफे लॉन (3000 स्क्वॉयर मीटर) का एक लाख और सर्कुलर लॉन (13,720 स्क्वॉयर मीटर) का 3.30 लाख रुपये तय किया गया है।

## बुकिंग की शर्तें

DDA के अनुसार आयोजक अधिकतम तीन दिन के लिए बुकिंग करवा सकेंगे। बुकिंग के दिनों के दौरान ही उन्हें अपनी गतिविधियों के लिए इको फ्रेंडली तरीके से अस्थाई टैंट आदि भी लगाने और हटाने होंगे। सिर्फ सर्कुलर लेन में बुकिंग अधिकतम पांच दिनों के लिए हो सकेगी। बुकिंग करने वालों से सफाई का चार्ज भी लिया जाएगा। यह 2.75 रुपये प्रति स्क्वॉयर मीटर के हिसाब से लिया जाएगा।

## 40 गाड़ियों की पार्किंग

रेंट चार्ज में 40 गाड़ियों की पार्किंग सुविधा भी शामिल होगी। DDA के अनुसार सभी बुकिंग सरकार के पर्यावरण और रेगुलेटरी सेफगार्ड के नियमों के तहत होगी। NGT और सुप्रीम कोर्ट की अन्य गाइडलाइंस का पूरी तरह पालन किया जाएगा और यमुना के इकोलॉजी को इनकी वजह से डिस्टर्ब नहीं किया जाएगा।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS—— Pioneer
NEW DELHI | FRIDAY | DECEMBER 19, 2025

# DDA opens Asita Park lawns for cultural, social events

**PIONEER NEWS SERVICE**
New Delhi

Giving a boost to tourism at banks of the River Yamuna, the Delhi Development Authority (DDA) has allowed bookings of lush green lawns of Asita Park near ITO, for various socio-cultural events, it said on Thursday.

Giving details of the unique step, the DDA said this initiative has been taken under the guidance and supervision of Delhi Lt Governor VK Saxena, who played a crucial role, right from the conception to the development of various riverfront projects in the city, that include Baansera and Asita. The approved daily rental charges at Asita, vary depending on the lawn and range from ₹40,000 to ₹3.3 lakh. Various lawns at Asita are being made available for public use, and public can book these spaces as per their respective daily rental rates.

The rates and area, are as follows: Water Body Lawn at ₹50,000 (1,560 sqm), Canna Lawn at ₹1.40 lakhs (2,860 sqm), Main Congregation Lawn at ₹2.90 lakhs (8,900 sqm), Budha Lawn at ₹1.10 lakhs (3,270 sqm), Surya Lawn at ₹40,000 (800 sqm), Café Lawn at ₹1.00 lakhs (3,000 sqm), and Circular Lawn at ₹3.30 lakhs (13,720 sqm).

A maximum period of three days shall be permitted for installation and dismantling activities of essentially non-permanent eco-friendly tentage structures.

The Circular Lawn may be provided for a maximum duration of five days. Cleaning charges shall be levied at the rate of ₹2.75 per sqm. One or more areas may be rented simultaneously, with higher applicable rates in cases of multiple area bookings. Rental charges will include parking facility for 40 vehicles.

All bookings shall be governed by environmental and regulatory safeguards to ensure that any activity carried out enhances the public experience of the Yamuna without disturbing its ecological character and is carried out strictly in accordance with the guidelines issued by the National Green Tribunal (NGT) and other applicable guidelines of the Hon'ble Courts.

Asita project developed by DDA under the consistent guidance of the Lt Governor, was earlier an encroached degraded landscape, polluting the river directly.

Spanning approximately 197 hectares near Laxmi Nagar in East Delhi, Asita represents a major initiative to restore the ecological health of the River Yamuna and its floodplains. This development provides a vital green space for the city, featuring greenways along major roads for public recreation, designated ecological zones, and a green buffer along the river channel.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- पंजाब केसरी DELHI 19 दिसम्बर, 2025 ▸ शुक्रवार

# शादी-विवाह व पार्टी-जन्मदिन के लिए मिला नया ठिकाना

## डीडीए के असिता ग्राउंड में आयोजित कर सकेंगे सामाजिक-सांस्कृतिक उत्सव

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** दिल्लीवालों को शादी-विवाह, पार्टी व जन्मदिन जैसे सामाजिक व सांस्कृतिक आयोजन करने के लिए बांसेरा के बाद दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) जल्द एक ओर नये ठिकाने की सौगात देने जा रहा है। दिल्ली के लोग अब यमुना के बाढ मैदान में प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर आसिता ग्राउंड में सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सकेंगे।

डीडीए अधिकारियों ने बताया कि दिल्लीवासियों को यमुना से जोड़ने के उद्देश्य से उपराज्यपाल वीके सक्सेना की इस पहल के तहत लोग आईटीओ के पास स्थित असिता पार्क के हरे-भरे लॉन में विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बुकिंग कर सकते हैं। आसिता में विभिन्न लॉन सार्वजनिक उपयोग के लिए उपलब्ध कराए गए हैं, जिन्हें जनता अपनी आवश्यकतानुसार दैनिक किराए पर बुक कर सकती है।

लॉन के क्षेत्रफल के आधार पर असिता में स्वीकृत दैनिक किराया अलग-अलग है और जिसकी सीमा 40,000 रुपये से



लेकर 3.3 लाख रुपये तक है। अधिकारियों ने बताया कि पर्यावरण के अनुकूल अस्थायी टेंट संरचनाओं को स्थापित और उन्हें हटाने के लिए अधिकतम तीन दिन दिए जाएंगे। सर्कुलर लॉन अधिकतम पांच दिनों के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है। सफाई शुल्क 2.75 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से लिया जाएगा।। एक या अधिक क्षेत्र एक साथ किराए पर लिए जा सकते हैं, एक से अधिक क्षेत्रों की बुकिंग के मामले में लागू दरें अधिक होंगी। किराए में 40 वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा शामिल होगी।

**40 हजार से लेकर तीन लाख 30 हजार तक देना होगा किराया**

सभी बुकिंग पर्यावरण और नियामक सुरक्षा उपायों द्वारा नियंत्रित होंगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी गतिविधि यमुना के पारिस्थितिक स्वरूप को बाधित किए बिना जनता के लिए यमुना के अनुभव को बेहतर बनाए और एनजीटी द्वारा जारी दिशानिर्देशों और कोर्ट के अन्य दिशानिर्देशों के अनुसार ही की जाए। यहां बता दें कि एलजी के दिशानिर्देश में डीडीए द्वारा विकसित किये गये असिता क्षेत्र में पहले बहुत ज्यादा अतिक्रमण था जो बाद बाद में विकसित किया गया। 197 हेक्टेयर में फैला असिता यमुना नदी और उसके फ्लड प्लेन्स की इकोलॉजिकल हेल्थ को ठीक करने की एक बड़ी पहल है। यह पहल शहर के लिए एक जरुरी ग्रीन स्पेस देती है, जिसमें पब्लिक मनोरंजन के लिए मुख्य सड़कों के किनारे ग्रीनवे, व्यवस्थित इकोलॉजिकल जोन और नदी के चैनल के किनारें एक ग्रीन बफर शामिल है।

### डीडीए द्वारा तय किया गया किराया और एरिया

- वाटर बॉडी लॉन 50,000 रुपये (1,560 वर्ग मीटर)
- कैना लॉन 1.40 लाख रुपये (2,860 वर्ग मीटर)
- मेन कॉन्ग्रिगेशन लॉन 2.90 लाख रुपये (8,900 वर्ग मीटर)
- बुद्ध लॉन 1.10 लाख रुपये (3,270 वर्ग मीटर)
- सूर्या लॉन 40,000 रुपये (800 वर्ग मीटर)
- कैफे लॉन 1.00 लाख रुपये (3,000 वर्ग मीटर)
- सर्कुलर लॉन 3.30 लाख रुपये (13,720 वर्ग मीटर)

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------ दैनिक भास्कर नई दिल्ली, शुक्रवार 19 दिसंबर, 2025 DATED-----------

### बुकिंग पर्यावरण और रेगुलेटरी सुरक्षा उपायों के तहत होंगी

# अब यमुना किनारे असिता के हरे-भरे लॉन में होंगे सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम

भास्कर न्यूज|नई दिल्ली

अब बांसेरा के बाद यमुना नदी के तट पर बने असिता उद्यान के हरे-भरे सुंदर लॉन में पर्यावरण व प्रकृति के बीच सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें बाजार के मौजूदा किराए से आधी कीमत ही चुकानी होगी। हालांकि, लॉन का किराया एरिया के आधार पर होगा।

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारियों के अनुसार, एरिया के आधार पर लॉन का रोजाना का किराया 40 हजार से लेकर 3.3 लाख रुपए तक हो सकता है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना दिल्ली लोगों के लिए जगह उपलब्ध कराने पर जोर दे रहे थे, जो दिल्ली के बाहरी इलाकों में जगहों के लिए बहुत अधिक कीमतें चुकाते हैं। लगभग 197 हेक्टेयर में फैला असिता एक प्रमुख रिवरफ्रंट कायाकल्प परियोजना है, जो जनता के लिए नए मनोरंजक आकर्षण प्रदान करती है। सभी बुकिंग पर्यावरण और रेगुलेटरी सुरक्षा उपायों के तहत और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के दिशानिर्देशों के अधीन होंगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी एक्टिविटी यमुना के इकोलॉजिकल कैरेक्टर को डिस्टर्ब किए बिना लोगों के अनुभव को बेहतर बनाए।

## सिर्फ पर्यावरण के अनुकूल अस्थायी टेंट ही लगा सकेंगे

डीडीए द्वारा विकसित असिता प्रोजेक्ट पहले एक अतिक्रमण वाली जगह थी, जो सीधे नदी को प्रदूषित कर रही थी। पूर्वी दिल्ली में लक्ष्मी नगर के पास फैला असिता यमुना नदी और उसके बाढ़ के मैदानों के इकोलॉजिकल स्वास्थ्य को बहाल करने की एक बड़ी पहल है। यह डेवलपमेंट शहर के लिए एक जरूरी हरी-भरी जगह प्रदान करता है, जिसमें सार्वजनिक मनोरंजन के लिए मुख्य सड़कों के किनारे ग्रीनवे, तय इकोलॉजिकल जोन और नदी चैनल के किनारे एक ग्रीन बफर शामिल है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---------- अमर उजाला नई दिल्ली। शुक्रवार। 19 दिसंबर 2025 ---DATED-----------

# अब यमुनापार रिवरफ्रंट पर बजेगा बैंड, सजेगी बरात

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** यमुनापार रिवरफ्रंट पर सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम करना कितना मनभावन हो सकता है, दिल्लीवासियों के लिए यह सोचना ही सुखद है। अब यह सपना हकीकत बनने जा रहा है। भीड़भाड़ और महंगे बैंकेट हॉल से दूर, प्रकृति की गोद में बसे असिता पार्क के हरे-भरे लॉन में अब आम लोग अपने सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे। डीडीए ने इसके लिए असिता पार्क के कई लॉन बुकिंग के लिए खोल दिए हैं।

बांसेरा के बाद अब असिता पार्क को भी दिल्लीवासियों से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। यमुना नदी से लोगों का जुड़ाव बढ़ाने के उद्देश्य से डीडीए ने आईटीओ के पास लक्ष्मीनगर की ओर स्थित असिता पार्क के खूबसूरत लॉन सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजनों के लिए उपलब्ध कराए हैं। इस पहल से

**डीडीए ने असिता पार्क के सात हरे-भरे लॉन बुकिंग के लिए खोले, किराया 40**

सीधे तौर पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना जुड़े हैं। डीडीए अधिकारियों के मुताबिक एलजी यमुना रिवरफ्रंट परियोजनाओं को अधिक से अधिक आम लोगों से जोड़ने के पक्ष में हैं।

**किराया 40 हजार से 3.3 लाख रुपये तक :** डीडीए के मुताबिक, असिता पार्क में कार्यक्रम आयोजन का दैनिक किराया लॉन के आकार और लोकेशन के लिहाज से तय किया गया है। किराया 40 हजार रुपये से शुरू होकर 3.3 लाख रुपये तक है। वाटर बॉडी लॉन 1,560 वर्गमीटर क्षेत्र में 50 हजार रुपये प्रतिदिन, काना लॉन 2,860 वर्गमीटर में 1.40 लाख रुपये, मुख्य कॉन्ग्रिगेशन लॉन 8,900 वर्गमीटर में 2.90 लाख रुपये में उपलब्ध होगा। इसके अलावा बुद्ध लॉन 1.10 लाख रुपये, सूर्य लॉन 40 हजार रुपये, कैफे लॉन 1 लाख रुपये और सबसे बड़ा सर्कुलर लॉन 13,720 वर्गमीटर क्षेत्र में 3.30 लाख रुपये प्रतिदिन के किराये पर बुक किया जा सकेगा।

**एनजीटी के नियमों के तहत होंगे सभी कार्यक्रम :** कार्यक्रम के लिए अस्थायी और पर्यावरण-अनुकूल टेंट लगाने की अनुमति होगी। टेंट लगाने और हटाने के लिए अधिकतम तीन दिन का समय मिलेगा, जबकि सर्कुलर लॉन के लिए पांच दिन तक की अनुमति दी जा सकती है। सफाई शुल्क 2.75 रुपये प्रति वर्गमीटर तय किया गया है। एक साथ एक से अधिक लॉन भी बुक किए जा सकते हैं, हालांकि ऐसे मामलों में ऊंचा किराया लागू होगा। किराये में 40 वाहनों की पार्किंग सुविधा भी शामिल रहेगी। डीडीए ने साफ किया है कि सभी बुकिंग पर्यावरण सुरक्षा नियमों और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों के तहत ही होंगी। यमुना के फ्लडप्लेन की पारिस्थितिकी से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।